हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 2 जुलाई 2025

04 पिता ने ही की थी पुत्र की जघन्य हत्या दोनों हाथ...




07 व्यावसायिक शिक्षा के भाषाओं के विकल्प में ...







## खबर संक्षेप

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान 22 जुलाई को होगा

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 22 जुलाई को होगा। निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ होगा। नाम निर्देशन पत्र 8 जुलाई तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 9 जुलाई को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 11 जुलाई है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। मतदान 22 जुलाई को सुबह से 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिए मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद 22 जुलाई को ही मतगणना होगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य की विकासखंड मुख्यालय पर मतगणना होगी एवं परिणाम की घोषणा 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से होगी। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29 जुलाई को होगी। उप निर्वाचन में आगर-मालवा जिले में 8 पंच के लिए मतदान होगा।

### जिले में अब तक 21.4 एमएम बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 21.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 13.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 15, आष्टा में 8, जावर में 6.3, इछावर में 18, भैरूंदा में 15, बुधनी में 56.5, रेहटी में 39.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 30 जून को प्रातः 8 बजे तक 190.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 138.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 30 जून 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 141.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 134.2, आष्टा में 157, जावर में 84, इछावर में 191.3, भैरूंदा में 236, बुधनी में 311 तथा रेहटी में 267.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बिजली कंपनी की मनमानियों के आगे बेबस हुई शहर की जनता, फूट रहा गुस्सा

# स्मार्ट मीटर की स्मार्टनेसः मीटर के जलने के बाद भी बिजली सप्लाई जारी

#### उपभोक्ता बोले, बिजली सप्लाई बंद होने के बाद भी एक घंटे तक चालू रहता है स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में जनप्रतिनिधियों का मौन रहना और बिजली कंपनी की मनमानियों के आगे बिजली उपभोक्ता बेबस हो गए हैं। विरोध के बावजूद घरों में सही सलामत बिजली मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली उपभोक्ताओं का आरोप है कि यह स्मार्ट मीटर सीधा-सीधा जनता के साथ धोखा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जब बिजली सप्लाई बंद की जाती है, तब भी करीब एक घंटे तक यह स्मार्ट मीटर चालू रहते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ये तथाकथित 'स्मार्ट' मीटर सिर्फ उनकी जेब काटने का नया जरिया बन रहे हैं। एक उपभोक्ता ने बताया कि उनके घर के स्मार्ट मीटर जल गया है, बावजूद घर में बिजली सप्लाई जारी है।

उपभोक्ता सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कंपनी उनके सही-सलामत पुराने मीटरों को बदलकर इन नए स्मार्ट मीटरों को क्यों थोप रही है। क्या यह सरकारी पैसे की खुली बर्बादी नहीं है। जनता का स्पष्ट कहना है कि यदि उनके पुराने मीटर खराब थे तो कंपनी को लिखित में इसकी जानकारी देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, जिससे इन नए मीटरों की जरूरत पर ही सवाल खड़े हो गए हैं।

#### लोग बोले, गाढ़ी कमाई पर डाका

सबसे गंभीर आरोप यह है कि ये स्मार्ट मीटर बिजली आपूर्ति बंद होने के एक घंटे बाद तक भी चालू रहते हैं और अनावश्यक रूप से बिजली की रीडिंग बढ़ाते रहते हैं। यह उपभोक्ताओं के साथ सीधा धोखा और उनकी गाढ़ी कमाई




पर डाका डालने जैसा है। सीहोर की जनता का मानना है कि ये मीटर केवल उनकी जेब पर भारी पड़ रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ कई गुना बढ़ गया है। इन मीटरों की विश्वसनीयता पूरी तरह संदेह के घेरे में है और इन्हें लगाना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है।

#### मेंटेनेंस के नाम पर लूट और अघोषित कटौती का खेल

स्मार्ट मीटरों की मनमानी के साथ-साथ विद्युत वितरण कंपनी की अघोषित बिजली कटौती ने भी जनता का चैन छीन लिया है। कंपनी द्वारा मॉनसून मेंटेनेंस के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। जब कंपनी साल में दो बार मेंटेनेंस करती है तो फिर दिन-रात होने वाली बिजली कटौती किस बात का संकेत है। यह कंपनी के गैर जिम्मेदाराना रवैये और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

#### दो महीने पहले लगे मीटर, जले

बता दें उपभोक्ता लक्ष्मण भगवती परसैया व आयुद्धी बाई के यहां करीब दो महीने पहले ही मीटर लगे थे, जो जल गए। संवाददाता से बात करते हुए उपभोक्ता लक्ष्मण भगवती परसैया ने बताया कि बिजली उपभोक्ता ने बताया कि घर के पास लगी डीपी में गिलहरी टकराने से फाल्ट हुआ था, कुछ मिनटों बाद ही मेरे मीटर में आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह जल गया। बिजली कंपनी के अधिकारी श्री यादव जी को फोन लगाकर जानकारी दी, जिस पर कर्मचारी आए और वास्तविकता देखकर गए। बाद में बिजली अधिकारी ने कहा कि यदि मीटर जला है तो यह उपभोक्ता की ही जिम्मेदार है। हैरत की बात तो यह हैकि स्मार्ट मीटर के जल जाने के बाद भी घर में बिजली सप्लाई जारी है।



#### अब नहीं सहेगा सीहोर!

सीहोर के विभिन्न राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन कई बार इन मुद्दों को उठा चुके हैं, लेकिन विद्युत वितरण कंपनी अपनी तानाशाही और मनमानी छोडऩे को तैयार नहीं है। जनता का आक्रोश अब चरम पर है और यह ज्वालामुखी कभी भी फूट सकता है। यदि जिला प्रशासन ने जल्द ही विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ कोई ठोस और सख्त कार्रवाई नहीं की तो सीहोर की आम जनता सडक़ों पर उतरकर विशाल जन आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## प्रभात फेरी एवं झंडा मंडली में पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के हिंदू समाजजनों द्वारा निकाली जाने वाली प्रभात फेरी एवं झंडा मंडली में पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सोमवार को पुलिस थाने पर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। हिंदू समाजजनों द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में बताया गया कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 2024 के समय से नगर में प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 6:30 तक श्रीराम संकीर्तन प्रभात फेरी व प्रति मंगलवार को रात्रि 8:30 से 10:30 तक झंडा मंडली नगर में निकाली जाती है। वर्तमान समय में मोहर्रम पर्व चल रहे हैं। जिसका मुख्य स्थान चौक बाजार है। पर्व के इन दिनों में किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए दोनों मंडलियों के निकलने के समय पर पुलिस बल की व्यवस्था की जाए।

#### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद श्रीराम संकीर्तन मंडल व हनुमान मंडली द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पुलिस थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया।



## विद्युत लाइन पर कार्य करने के दौरान लाइनमैन झुलसा, जिला चिकित्सालय रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सोमवार को नगर की गोकुलधाम कॉलोनी में विद्युत लाइन पर कार्य करने के दौरान एक लाइनमैन झुलस गया। जिसे स्थानीय सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार नलखेड़ा विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय पर पदस्थ लाइनमैन रोडूलाल मेघवाल पिता मांगीलाल 60 वर्ष सोमवार को नगर की भैसोदा रोड़ स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में विद्युत लाइन का कार्य कर रहा था कि अज्ञात कारणों के चलते अचानक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे तत्काल स्थानीय सिविल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय से लाइनमैन को इंदौर रेफर किया गया है। लाइनमैन का उपचार करवाने कंपनी के स्थानीय कनिष्ठ यंत्री साथ गए हैं।





**इनका कहना है...**

एक लाइनमैन झुलसा है, जिसके कारणों की जांच करवाई जाएगी। लाइनमैन खतरे से बाहर है।

**सतीश कुमार जाटव**, कनिष्ठ यंत्री, विद्युत वितरण कंपनी, नलखेड़ा

### अस्पताल परिसर में किया पौधारोपण

**नलखेड़ा।** लोक निर्माण विभाग संभाग आगर के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिले के विश्राम गृह एवं प्रगतिरत निर्माण स्थलों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इसके अंतर्गत नगर में अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह की मंशा अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा एक लाख पौधों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में नलखेड़ा अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर पीआईयू के एज्युकेटिव इंजीनियर प्रदीप कुमार जैन दोराह एसडीओ ऋषिकेश इंजीनियर राजेश मालवीय यश चौधरी एवं घनश्याम पाटीदार उपस्थित रहे।



### बारिश में करंट से बचने के लिए एडवायजरी जारी

**सीहोर।** मानसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्रोत से प्राप्त की जा सकती है या घर पर ही गहरा गड्ढा खोदकर खुद बनाई जा सकती है। बारिश में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गयी है। जारी एडवायजरी में घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था रखें। हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें, इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें, खास कर जब यह पानी के स्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है, इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। दो पिन वाले बिना अर्थिंग के उपकरणों का प्रयोग न करें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों।

### शिक्षा माफियाओं का कारनामा...

## एमपी बोर्ड की पुस्तकों के साथ प्रायवेट पुस्तकों को किया कोर्स में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाना शिक्षा माफियाओं के लिए आम बात होती जा रही है। कई निजी स्कूलों द्वारा शासन के नियमों के विरुद्ध एमपी बोर्ड की पुस्तकों के साथ प्रायवेट पुस्तकों को भी कोर्स में शामिल किया गया है जिन्हें खरीदने पर पालक मजबूर हो रहे हैं।

नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ होते ही इन शिक्षा माफियाओं के खिलाफ मनमानी की शिकायतें मिलना प्रारंभ हो गई हैं। किसी दुकान विशेष से पुस्तकें अथवा गणवेश खरीदने के दबाव की शिकायतों के बाद अब विकासखंड के कई निजी स्कूलों द्वारा कक्षा पहली से ऊपर की कक्षाओं में शासन के नियमों के विपरीत जाकर एमपी बोर्ड की पुस्तकों के साथ प्रायवेट पुस्तकों को कोर्स में शामिल करने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इन प्रायवेट पुस्तकों में से मात्र एक पुस्तक की ही कीमत एमपी बोर्ड के सम्पूर्ण कोर्स से कई गुना अधिक है जिससे आशंका हो रही है कि यह मात्र कमीशन का खेल है। सबकुछ जानकर भी पालक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने के लिए इन पुस्तकों को खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

गौरतलब है कि शासन के नियमानुसार कक्षा पहली से ऊपर की कक्षाओं के कोर्स में कोई भी निजी स्कूल प्रायवेट पुस्तक को शामिल नहीं कर सकता है। सभी स्कूलों को एमपी बोर्ड की पुस्तकों से ही अध्ययन करवाना है। लेकिन आज तक किसी भी स्कूल के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने से शिक्षा माफियाओं के हौसले बुलंदी पर हैं और वे शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

**इनका कहना है**

इस संबंध में शिकायतें प्राप्त होने के बाद जांच दल का गठन किया गया है। जिनके द्वारा मंगलवार को जांच की गई है। जांच प्रतिवेदन बनाकर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा रहा है।

**चंदनबाला फाफरिया**
**बीआरसी, नलखेड़ा**

### कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थाओं में हो शत-प्रतिशत एडमिशन, कोई भी बच्चा न करे ड्रॉपआउटः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक मामलों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के ग्राम चितावलिया हेमा स्थित कुबेरेश्वर धाम पर 10 जुलाई से आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं कथा की तैयारियों के संबंध सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, भोजनशाला, पंडाल, आगमन, निर्गमन, बिजली व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षाकाल के दौरान सभी अधिकारी सतर्क रहें और अपने अनुभाग एवं जनपदों में सतत संपर्क बनाए रखें। कहीं भी



अतिवर्षा य जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि जिले में जहां बड़ी गौशालाएं बनाई जाना हैं, उनके लिए संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार गौशालाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराएं तथा जहां-जहां गौशालाओं की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है वहां से अतिक्रमण को हटाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल हाईवे तथा रेल परियोजनाओं के लिए भू अर्जन, मुआवजा वितरण, अर्जित भूमि का नामांतरण एवं कब्जा दिलाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, नितिन टाले, तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, सुधीर कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### धरती आबा अभियान की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने धरती आबा अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी विभाग जिले के चिन्हित 80 ग्रामों शिविर लगाकर जनजातीय वर्ग के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान का जिले में गंभीरता से संचालन किया जाए। यह अभियान अभियान सरकार की प्राथमिकता वाला अभियान है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों का विकास और कल्याण करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 जुलाई तक चिन्हित ग्रामों में शिविर लगाए जाएं।

**कॉलजों और शैक्षणिक संस्थाओं में शत प्रतिशत हो एडमिशन :** टीएल बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा डिग्री कालेजों में क्षमतानुसार शत प्रतिशत सीटों पर प्रवेश कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों से 10वी एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची प्राप्त कर यह सुनिश्चित करें सभी बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश लें तथा कोई भी बच्चा ड्राप आउट न करें। उन्होंने कहा कि परिवारिक आर्थिक कारणों से ड्रॉप आउट करने वाले बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्सहित किया जाये।

**पेंशन प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरणः** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरणो एवं आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेवानिवृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के सभी स्वत्वों एवं पेंशन का भुगतान सेवानिवृत्ति के साथ ही हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय कर्मचारियों के सेवा अभिलेख सेवानिवृत्ति से पहले ही पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण कर जिला पेंशन कार्यालय को भेजें।

## जीवन में सुख-दुख का आना-जाना बना रहता हैः पंडित सुनील पाराशर

**सीहोर।** जीवन में सुख-दुख का आना-जाना बना रहता है। हमें सुख मिलेंगे या या दुख, ये हमारे कर्मों पर ही निर्भर करता है। जाने-अनजाने में किए गए गलत कामों का फल देर ही सही लेकिन दुखों के रूप में जरूर मिलता है। इसलिए ऐसे कामों से बचना चाहिए जो धर्म के अनुसार सही नहीं हैं। इन दिनों गुप्त नवरात्रि के साथ हमारे केन्द्र में 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिससे हम अपने आप में ध्यान और भगवान शिव-माता के नाम का स्मरण करते हुए कार्य करना है। जिससे हमारे जीवन में सात्विकता आएगी। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम परिवार के तत्वाधान में जारी 15 दिवसीय शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान के पांचवे दिवस पंडित सुनील पाराशर ने कहे।

## खबर संक्षेप

### इलाज के लिए पिता ने लगाई मदद की गुहार



**देवास।** जिले के ग्राम मोरूखेड़ी तहसील टोंकखुर्द निवासी सुनील राठौर ने अपने दो मासूम बच्चों के जीवन बचाने हेतु कलेक्टर देवास को एक मार्मिक आवेदन सौंपा है। सुनील ने बताया कि उनकी पुत्री लेखिता राठौर (13) और पुत्र योगेश राठौर (9) दुर्लभ एवं लाईलाज जेनेटिक बीमारी विल्सन डिजीज से पीड़ित हैं। यह बीमारी लाखों में से किसी एक को होती है और इसका इलाज केवल जीवनभर नियमित दवाइयों के माध्यम से ही संभव है। सुनील राठौर ने बताया कि वर्ष 2018 में उनकी पुत्री ने बोलना, चलना और खाना-पीना तक बंद कर दिया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे वेल्सन डिजीज से पीड़ित बताया। लंबे इलाज के बाद कुछ सुधार हुआ, लेकिन डॉक्टरों ने साफ कह दिया कि बच्चों को जिंदगीभर महंगी दवाइयां लेनी होंगी, जिनका मासिक खर्च लगभग 4000 रुपये आता है। साथ ही साल में तीन बार महंगी जांच भी करवानी पड़ती है। प्रार्थी ने पहले भी जिला प्रशासन व इंदौर के चाचा नेहरू अस्पताल से मदद की अपील की थी, परन्तु कोई सहायता नहीं मिली। इसके बाद तात्कालीन कलेक्टर महोदय ने मानवीय पहल करते हुए एक वर्ष तक दवाइयों की व्यवस्था शासन स्तर पर करवाई थी, लेकिन अब वह सहायता बंद हो चुकी है और बच्चों की दवाइयाँ खत्म हो गई हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे सुनील राठौर ने बताया कि वह दोनों बच्चों की पढ़ाई भी स्वयं ही करवा रहे हैं, परंतु अब इलाज का खर्च उठाना उनके बस से बाहर है। उन्होंने कलेक्टर महोदय से पुनः निवेदन किया है कि दोनों बच्चों की जीवनरक्षक दवाइयों की व्यवस्था शासन स्तर पर की जाए ताकि उनके बच्चों का जीवन सुरक्षित रह सके। बच्चो की बीमारी के प्रति एक पीडित पिता की व्यथा सुनकर कलेक्टर ने शीघ्र ही रेडक्रॉस से एक वर्ष की दवाई देने का आदेश संबंधितों को प्रदान किया।

### ऑपरेशन संकल्प के तहत देवास पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता

# पिता ने ही की थी पुत्र की जघन्य हत्या दोनों हाथ काटकर फैंके थे बोरवेल में

### हत्या संबंधी "चिन्हित प्रकरण" में आरोपी को पेशेवर विवेचना द्वारा न्यायालय से करवाया आजीवन कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में "ऑपरेशन संकल्प" की शुरुआत की गई हैं, जिसके अंतर्गत पुलिस विवेचना को अधिक से अधिक पेशेवर एंव वैज्ञानिक बनाकर समयावधि में अभियोग पत्र न्यायालय पेश करने पर जोर दिया जा रहा हैं। साथ ही न्यायालय द्वारा विचारण के दौरान जारी समस्त आदेशिकाओं समंन एंव वारंट की प्राथमिकता से तामिली करवाई जा रही हैं ताकि गंभीर प्रकरणों में जल्द से जल्द न्यायालयीन निर्णय प्राप्त कर पीड़ित को न्याय दिलाया जा सके। गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि होने पर स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण के विवेचक,पैरवीकर्ता एवं संपूर्ण टीम को पुरस्कृत किया जा रहा हैं जिसके चलते पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ा हैं एवं लगातार गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि प्राप्त करने में देवास पुलिस सफल रहीं हैं।

इसी कड़ी में "ऑपरेशन संकल्प" के तहत 07 दिसंबर 2022 को थाना बरोठा पर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी मोहनलाल पिता रामचंद्र चौहान उम्र 46 वर्ष ग्राम बांगड़दा बरोठा जिला देवास को मृतक हरिओम ने आपत्तिजनक हालत मे देख लिया था जिस वजह से आरोपियों ने हरिओम की रस्सी से गला घोंटकर एवं दराते से दोनो हाथ काटकर हत्या कर दी। रिपोर्ट पर से थाना बरोठा में अपराध क्रमांक 529/2022 दिनांक 07.12.2022 धारा 302,201,120-बी,109,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक शैलेन्द्र मुकाती के द्वारा की जाकर दिनांक 09.12.2022 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 15 मार्च 2023 को प्रकरण का चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण के माननीय न्यायालय में विचारण के दौरान माननीय न्यायालय द्वारा जारी समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय से कराई गई। प्रकरण के पैरवीकर्ता जिला लोक अभियोजक गोविंद प्रसाद घाटिया द्वारा अभियोजन की उत्कृष्ट व सटीक पैरवी कर अपना पक्ष मजबूती से रखा गया साथ ही उक्त प्रकरण में विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना के फलस्वरूप प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आदेश कुमार जैन न्यायालय देवास ने आरोपी मोहनलाल पिता रामचंद्र चौहान उम्र 46 वर्ष ग्राम बांगड़दा के द्वारा स्वयं के पुत्र की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर उसके दोनों हाथों को दराते से काटकर खेत पर बने बोरवेल मे फैकने जैसे जघन्य अपराध कारित करने के संबंध में आजीवन कठोर कारावास एवं 2,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। माननीय न्यायालय में चिन्हित प्रकरण के विचारण के दौरान जयवीर सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवास, संजय शर्मा उप पुलिस अधीक्षक(एल/आर) देवास, प्रदीप राय तत्कालीन थाना प्रभारी बरोठा, अजय सिंह गुर्जर थाना प्रभारी बरोठा एवं कोर्ट मोहर्रिर के रुप में आर 1034 विष्णु कचनार,कोर्ट मुंशी के रुप में आर 459 अशोक डिंडोर एवं वारंट मुंशी के रुप में आर 1045 विकास आस्के द्वारा कार्य किया गया।

पुलिस कप्तान गेहलोद के अनुसार इस वर्ष में पुलिस नें हत्या के 12,हत्या के प्रयास 08,बलात्संग के 15,छेड़खानी के 07,लूट के 01,मारपीट के 16,गौवंश तस्करी के 03,मादक पदार्थ के 01 एवं धोखाधड़ी के 05 प्रकरण में न्यायालय से कठोर दण्ड दिलवाकर पीड़ितों को न्याय दिलवाया हैं। पुलिस अधीक्षक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाली समस्त टीम को प्रशंसित करते हुए आगामी प्रकरणों में और अधिक दता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

# रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्या

### किसानों ने की एसडीएम से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

चापड़ा से इंदौर बुधनी रेलवे लाइन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, लेकिन इस दौरान किसानों को कई छोटी बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कही पर अधिग्रहित कि गई भूमि से अधिक पर सीमांकन किया जा रहा है, तो कहीं पर सही मुआवजा राशि नहीं मिली है।

कहीं पर रास्ते को लेकर किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्याओं को लेकर ग्राम इकलेरा, मातमोर,खेडा गांव के प्रभावित किसान बड़ी संख्या में एसडीएम कार्यालय बागली पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम आनंद मालवीय से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई।इस दौरान किसानों ने बताया कि चार गुना मुआवजा की मांग को लेकर लंबे समय से वह लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। साथ ही किसानों ने बताया कि रेलवे द्वारा निर्माण के काम के दौरान अधिग्रहित की गई भूमि से अधिक भूमि का बिना सूचना के सीमांकन किया जा रहा है। साथ ही कई जगह पर यह स्थिति है कि किसान की जमीन के बीच में से रेलवे लाइन निकल रही हैं। और दोनों तरफ भूमि बंट गई। ऐसे में किसान कैसे अपने खेत पर पहुंचेगा। इसके लिए विकल्प ढूंढा जाए, किसान हेमराज पाटीदार ने बताया है कि शासन की गाइडलाइन में भी काफी अंतर देखा जा रहा है कुछ क्षेत्र में गाइडलाइन अधिक है और कुछ क्षेत्र में कम है।

किसानों ने मांग की है कि शासन की गाइडलाइन को एक जैसा किया जाए और उसी के आधार पर मुआवजा राशि दी जाए। साथ ही वर्तमान में शासन की गाइडलाइन में बढ़ोतरी के अनुसार मुआवजा राशि दी जाए।उक्त महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर एसडीएम आनंद मालवीया से सभी किसानों ने चर्चा की। इस दौरान राधेश्याम पाटीदार, रामेश्वर जाट, हेमराज पाटीदार, धर्मेंद्र सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ने मनाया डॉक्टर डे, सम्मान समारोह किया गया आयोजित

**देवास।** लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी एवं लायंस क्लब ऑफ देवास गोल्ड द्वारा संयुक्त रूप से शहर के वरिष्ठ एवं समर्पित डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लायन डॉक्टर के के धूत, लायन डॉ योगेश वालिंबे, लायन डॉक्टर आरसी शर्मा, लायन डॉक्टर प्रकाश गर्ग, लायन डॉक्टर जे.एस. यादव, लायन डॉ. एम बी अग्रवाल, डॉ सुरेश चंद्र मुंद्रा, डॉ राकेश सक्सेना, डॉ पूनम भाटिया, डॉ अनुराधा देवकर, डॉ संध्या खरे, डॉ अंजुम गजधर, डॉ नमिता ठाकुर , डॉक्टर त्रिषिता राजनी, डॉ सुलभा रानी, डॉ सुषमा अरोरा, डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव, डॉ हर्षा तिवारी, डॉ देवेंद्र राठौर का सम्मान किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एसएम जैन, अशोक महाजन, मनीष राठी, राजेश सिंघी, श्रीमती प्रीति सिंघी एवं श्रीमती निधि राठी का मोतियों की माला एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन लायन मनोज बिंदल एवं आभार प्रदर्शन लायन हिना राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन लायन औसाफ कुरैशी एवं सफिया कुरैशी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव लायन भगवान गोयल, लायन तरुणा जाट, कोषाध्यक्ष लायन अनिल नागर, लायन नेहा छाबड़िया, लायन आर.सी. पालीवाल, लायन दिनेश भूतड़ा, लायन शकुंतला बलवानी, लायन लक्ष्मी राव, लायन कल्पना सिंह, लायन डॉक्टर मोनिका राणा, लायन डॉक्टर समीर नईम, लायन आशा पटेल, लायन प्रीती जोशी, लायन अनामिका अग्निहोत्री, लायन अनीता राजपूत, लायन पूजा अरोरा, लायन महेंद्र नागर, लायन आर एस सोनी, लायन प्रमोद गुप्ता, लायन ओम बंसल, लायन एस के अग्निहोत्री, लायन ज्योति सिंह, लायन सपना सिंह, लायन आराधना तिवारी, लायन अरुणा सोनी, लायन अभिलाषा शर्मा आदि उपस्थित थे।




# धूमधाम से मना देवास भाजपा जिलाध्यक्ष सेंधव का जन्मदिवस पौधरोपण कर दिलाया संकल्प, जगह-जगह हुए कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव का जन्मदिन मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेंधव ने सर्वप्रथम माता टेकरी पहुंचकर माताओं को चुनरी चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात शीलनाथ धुनि संस्थान पर पहुंचकर शीलनाथ महाराज का पूजन-अर्चन किया। वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को भोजन कराया। भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर कन्या पूजन किया तथा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से बधाई स्वीकार की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सेंधव का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर मनाया गया। सभी धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर सेंधव ने आशीर्वाद प्राप्त कर जिले व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जन्मदिवस की मुख्य विशेषता यह रही कि प्रत्येक स्थान पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सेंधव ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक गायत्रीराजे पवार, विधायक आशीष शर्मा, मनोज चौधरी, राजेश सोनकर, मुरली भंवरा,जिपं अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया, पूर्व मंत्री दीपक जोशी, पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा, पहाड़ सिंह कन्नोजे,पूर्व जिलाध्यक्ष महेश दुबे, नंदकिशोर पाटीदार, बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व जिपं अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपूत सहित देवास से लेकर उदयनगर तथा नेमावर से लेकर विजयगंजमंडी तक के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व स्नेहीजनों ने आकर जिलाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया। उक्त जानकारी भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# लोक निर्माण विभाग के प्रदेश व्यापी पौधरोपण अभियान के तहत जिले में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कई स्थानों पर रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हरित मध्यप्रदेश'' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक पहल के तहत जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंगलवार को 1100 पौधों का रोपण किया गया। अभियान के तहत विधायक गायत्रीराजे पवार एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सर्किट हाउस देवास में, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी ने रेस्ट हाउस परिसर देवास में, विधायक सोनकच्छ डॉ. राजेश सोनकर ने सोनकच्छ में पौधारोपण किया। अभियान के तहत नीम, पीपल, अर्जुन, आम, अमरूद, कचनार, गुलमोहर जैसे छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। विभाग द्वारा केवल पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहते हुए पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

प्रत्येक स्थान पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधों की सिंचाई, सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभागीय पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से निगरानी प्रणाली भी तैयार की गई है। इस दौरान ई.ई. लोक निर्माण विभाग मोहन डेहरिया, एसडीओ लोक निर्माण विभाग आंनद कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत जिले में लोक निर्माण विभाग, विश्रामगृहों, कार्यालय परिसरों, सड़क किनारे की भूमि और अन्य चिन्हित स्थलों पर पौधरोपण किया गया। अभियान में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता, कर्मचारी तथा नागरिक सक्रिय रूप से भाग लिया।

### सीईओ जिला पंचायत शर्मा की अध्यक्षता में हुई समय-सीमा संबंधी बैठक

# लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, एसडीएम सोनकच्छ प्रियंका मिमरोट, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने जिले में किये जा रहे ई-केवायसी कार्य की समीक्षा की। जिसमें सबसे ज्यादा ई-केवायसी नगर निगम देवास में लम्बित पाई गई। जिसपर उन्होंने नगर निगम देवास को ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ई-केवायसी कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही भी करें। सीईओ ने निर्देश दिये कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले शतप्रतिशत हितग्राहियों की ईकेवाईसी शीघ्र पूर्ण करें। शर्मा ने जिले में 15 से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के तीन विकासखंड बागली, खातेगांव और कन्नौद अतंर्गत चिन्हित 135 ग्रामों में लगाये गये शिविरों के माध्यम से 18 विभागों की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं से लाभान्वितों की जानकारी ली। उन्होंने नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम और नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रैनिंग स्कीम का जिले के अधिक से अधिक युवाओं को लाभ दें।शर्मा ने किलकारी अभियान की समीक्षा कर महिला बाल विकास के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए चलाये गये किलकारी अभियान के अच्छे परीणाम देखने को मिल रहे है। बच्चें कुपोषण से मुक्त होकर घर जा रहे है। उन्होंन निर्देश दिये कि सीडीपीओ अपने क्षेत्र में बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराये। जिससे जिले में एक भी बच्चा कुपोषित की श्रेणी में नहीं रहे। शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्कूलों में छात्राओं को आयरन और कैल्शियम की गोली मिल रही है या नहीं इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शर्मा ने सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, न्यायालय में लम्बित प्रकरणों, सीमांकन और टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि संबंधित विभाग के अधिकारी शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए ग्रेड में रहें। कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए। प्राथमिकता से सभी लम्बित शिकायतों का निराकरण करें। 50 दिवस से उपर की सभी शिकायतों का अभियान चलाकर निराकरण करें। उन्होंने समाधान ऑनलाइन शिकायतों की समीक्षा कर शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।

### महिलाओं ने काली सिंध नदी घाट पर लगाए पौधे



**चापड़ा।** ग्राम पंचायत नयापुरा में पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकम कंठली द्वारा गांव की सभी महिलाओं के साथ मिलकर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी काली सिंध नदी के घाट पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधारोपण किया गया। इस दौरान गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।निर्मला कंठली ने बताया कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष उनके द्वारा गांव के सहयोग से पौधारोपण किया जाता है। इस वर्ष भी पौधारोपण किया गया है, जिसमें बेलपत्र सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही रोपे गए पौधों की देखभाल कर उन्हें पेड़ों के रूप में स्थापित करने का भी संकल्प लिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के वरिष्ठ जन एवं महिलाएं उपस्थित रही।

**जन्म तिथि परिवर्तन सूचना**

मैं विक्रम पटेल, एचएमटी दुर्गेश पटेल का पिता, घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे एचएमटी दुर्गेश पटेल के सेवा रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि गलती से 22-04-1964 लिखी गई है। सभी दस्तावेजों में मेरी सही जन्मतिथि 22-04-1960 है।

**विक्रम पटेल**
**ग्राम पालनगर देवास (म.प्र.)**

**नाम एवं जन्म तिथि परिवर्तन सूचना**

मैं पुष्पा बाई एचएमटी दुर्गेश पटेल की मां घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे एचएमटी दुर्गेश पटेल के सेवा रिकार्ड में मेरा नाम और जन्मतिथि गलती से पुष्पा पटेल और 11-12-1968 के रूप में लिखी गई है। सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम पुष्पा बाई है और जन्मतिथि 01 -01 -1965 है।

**पुष्पा बाई**
**ग्राम पालनगर देवास (म.प्र.)**

**In The Court Of Civil Judge Class-1, Tehsil Court Bagli, District Dewas**

Presiding Officer: बबीता प्रजापत
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000002/2025)
गोकुल सोलंकी पिता देवकरण सोलंकी
.................. आवेदक
Vs
सर्वसाधारण ..........................अनावेदक

Process Id-/2025
पेशी दिनांक : 08/07/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधरण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोकुल सोलंकी पिता देवकरण सोलंकी पता ने मृतक शांताबाई निवासी ग्राम पिपल्याजान तह. बागली की 2,00,000 राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 July 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 July 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 28 June 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(बबीता प्रजापत)**
**प्रथम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, बागली, जिला देवास (म.प्र.)**

**खबर संक्षेप**

### मरीजों की जान से नहीं करें खिलवाड़ः ठाकुर

**जावर।** डॉक्टर के रिश्वत लेने के आरोप के चलते अब जावर में सियासी पारा गर्म हो गया है। एक तरफ जहां बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने डॉ रूचि को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा तो वही दोनों डॉक्टरों ने बीएमओ को अपना इस्तीफा सौंप दिया और कहा कि दबाव में कार्य नहीं करेंगे। दोनों डाक्टरों ने अस्पताल मे आना भी छोड़ दिया। अब डॉक्टर माथुर का कहना है की उन्होंने डॉ के इस्तीफे स्वीकार नही किये है। लेकिन स्वास्थ केंद्र मे अब मरीजों की तकलीफे बढ़ती जा रही है। वही अब रोगियों को परेशान होता देख ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने भाजपा नेताओं और प्रशासन को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के लगाए गए आरोपो और प्रशासन के ढीले रवैये के चलते अब अस्पताल की व्यवस्था गंभीर स्थिति में आ गई है। गर्भवती महिलाओं को सीधा सोनकच्छ और देवास भेजा जा रहा है। जिससे कि महिलाओं और बच्चों की जान खतरे में पढ़ रही है। ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन को सख्त तेवर में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस पूरे मुद्दे में कोई दोषी है तो उस पर सख्त कार्रवाई करें लेकिन जनता के उपचार का कार्य नहीं रुकना चाहिए नहीं तो कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर जल्द ही कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपेंगे और आंदोलन करेंगे।

### संस्कृत भाषा की अनिवार्यता तथा त्रिभाषा सूत्र के संरक्षण के लिए दिया ज्ञापन

# व्यावसायिक शिक्षा के भाषाओं के विकल्प में जोड़ने से शिक्षकों में भी बढ़ने लगा वैमनस्य

**संस्कृतभारती सीहोर, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तथा प्रांतीय शिक्षक संघ व संस्कृत शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दिया ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



संस्कृत भाषा की अनिवार्यता को लेकर संस्कृत भारती मध्यभारत सीहोर समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत को दिया जिसमें संस्कृत शिक्षक व प्रांतीय शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों ने ज्ञापन के माध्यम से वास्तविकता व्यक्त कर समाधान का आग्रह किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा के विकल्प में चयन का प्रावधान होने से लगातार त्रिभाषा सूत्र का हनन हो रहा है और जिसका संस्कृत भाषा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संस्कृत भाषा पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। वही 11वीं में पांच विषय होने के कारण और और फाउंडेशन कोर्स में भी ट्रेड विषयों के होने तथा संस्कृत के एडिशनल में नहीं होने के कारण संस्कृत पढ़ने की इच्छा रखने वाले छात्रों को भी विवश होकर के संस्कृत को छोड़ना पड़ रहा है। उसके सन्दर्भ में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम संयुक्त कलेक्टर, सीहोर, श्रीआनन्द सिंह राजावत को ज्ञापन दिया गया कि संस्कृत भाषा प्राचीन और वैज्ञानिकी तो है ही साथ ही मानव मूल्यों को विकसित करने वाली भाषा भी है अतः अपराध मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए संस्कृत भाषा के महत्व को समझते हुए उसे पुनः अनिवार्यता प्रदान करने की महती आवश्यकता है। यह दायित्व प्रदेश सरकार के साथ साथ छात्र-छात्राओं के माता-पिता का भी है कि वे समाज में बढ़ती विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को परिवार के अनुकूल संस्कारित करने के लिए संस्कृत अवश्य पढाएँ। यह चिन्तनीय है कि व्यावसायिक शिक्षा के भाषाओं के विकल्प में जोड़ने से अब शिक्षकों में भी शनैः शनैः वैमनस्य बढ़ने की समस्या दृष्टिगोचर होने लगी है। वही जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर को भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में अशोक वर्मा, राकेश सिंह ठाकुर, संजय सक्सेना, सुरेंद्र यादव, नरेश मेवाडा, लखन महेश्वरी , धर्मेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, विष्णु प्रसाद परमार, गेंद राज विश्वकर्मा, बद्री प्रसाद वर्मा, चंद्र प्रकाश वर्मा आशीष शर्मा ,जगदीश प्रसाद वर्मा ,आत्माराम बामनिया गोपाल कृष्ण त्यागी ,अनिल गंगवार, गौशाली राठौर , नीतू राठोर , मोना पंवार , घनश्याम कुशवाहा ,सचिन शर्मा ,आनंद चंदेल ,राजेंद्र परमार , चंद्रशेखर वर्मा ,नवीन शर्मा ,भगवान परमार संतोष शर्मा ,कमल वर्मा, आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अग्रवाल महिला मंडल की निर्विरोध अध्यक्ष बनी पूर्व नपाध्यक्ष रूकमणी रोहिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अग्रवाल समाज सीहोर की महिलाओं के प्रतिनिधित्व की सहयोगी एवं अग्रणी संस्था अग्रवाल महिला मण्डल के चुनाव सर्वसहमति से रविवार को भगवान अग्रसेन जी की जयघोष के साथ अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल प्रबंध समिति की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। जिसमें उपस्थित महिलाओं ने सर्वसहमति से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूकमणी रोहिला को महिला मण्डल का अध्यक्ष चुना। साथ ही अन्य पदों पर उपाध्यक्ष प्रेमलता रूठिया, कोषाध्यक्ष संध्या मोदी, सचिव मोहिनी अग्रवाल, सह सचिव ज्योति मोदी, कार्यकारिणी सदस्यों में मीना जयपुरिया, अंजु अग्रवाल, ज्योति रूठिया, ऊषा अग्रवाल, ज्योति जयपुरिया, हेमा अग्रवाल, मंजु भर्तिया को शामिल किया गया। पदाधिकारियों को उपस्थित महिलाओं ने पुष्पमाला पहनकाकर स्वागत किया एवं बधाई दी। इस अवसर पर अग्रवाल प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष निलेश जयपुरिया, गोविन्द मित्तल, विष्ण दयाल भर्तिया, कमलेश अग्रवाल, अमित अग्राल, भरत अग्रवाल, हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता आदि ने पुष्पगुच्छ भेट कर सफल कार्यकाल के लिये शुभकामनाऐं प्रेषित की।

# आईटीआई में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि ट्राइडेंट ह्यूमनिटी फाउंडेशन भारत के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ट्राइडेंट ग्रुप के अध्यक्ष पद्मश्री राजिंदर गुप्ता व सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है इसी दिशा में सीएसआर इकाई की देखरेख में इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल सेवा का शुभारंभ किया गया मधुबन अस्पताल के सहयोग से प्रारंभ की गई इस योजना मैं वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया गया वहीं बीपी शुगर और हीमोग्लोबिन जांच आवश्यक दवाओं का निशुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मधुबन अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सीऐ हैरिसन, डॉ वर्षा साहू, डॉ रामारिया व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। शिविर में 165 छात्र-छात्राओं ने लाभ उठाया।

## संयुक्त आयुक्त ने किया निरीक्षण



**कोठरी।** डॉ लक्ष्मी दुबे संयुक्त आयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय जल गंगा अभियान हेतु सीहोर जिले की नोडल अधिकारी द्वारा जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित की गई जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत गवाखेड़ा, मंगलपुर की आंगनबाड़ी कर्मचारीयो, स्कूल कर्मचारी की समस्याओं को सुनकर आवश्यक समझाइस दी। इस अवसर पर सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर, सचिव नीरज प्रजापति, सहायक यंत्री महेंद्र तिवारी, उपयंत्री अनिल खरे व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महिलाओं ने रोका राजस्व मंत्री का काफिला



**सीहोर।** मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को अपनी ही इछावर विधानसभा में ग्रामीण महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ गया। बताया जा रहा है कि आक्रोशित महिलाओं ने राजस्व मंत्री के काफिल को रोक दिया. आक्रोशित महिलाएं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की गाड़ी के सामने ही आ गईं। जानकारी के अनुसार प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जल संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इछावर विधानसभा के खेरी गांव जा रहे थे। इस बात की भनक लगते आक्रोशित ग्रामीण महिलाएं आ गईं और उनहोंने खेरी से जमली रोड नहीं बनने से नाराज होकर राजस्व मंत्री के गाडिय़ों के काफिले को रोक दिया। नाराज महिलाएं मंत्री वर्मा की गाड़ी के सामने आ गई. आक्रोशित महिलाओं को हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मशक्कत का सामना करना पड़ा।

# टेंट हाउस संगठन ने किया सुरजीत का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश फेडरेशन आफ टेंट हाउस संगठन का प्रदेश स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगठन के द्वारा 50 साल तक इस क्षेत्र में सेवा देने वाले टेंट हाउस संचालक सुरजीत सिंह का सम्मान किया। अध्यक्ष मनोज कन्नोजिया ने बताया कि समारोह के दौरान अनेक विषयों पर चर्चा की गई। समारोह में राजू सरदार राजू पंजाबी सुनील गुप्ता मुकेश चौरसिया शैलेश राठी जितेन कुशवाहा रामचंद्र पटेल चैन सिंह कुशवाहा नंदकिशोर चांदनी एवं समस्त टेंट हाउस लाइट डेकोरेशन इस अवसर पर सुरजीत भाई को बधाई दी यह सम्मान टेंट व्यवसाय में 50 साल पूर्ण होने पर किया गया।

# किराना व्यापारी संघ के वार्षिक सम्मेलन में शैलेंद्र मेहता को फिर चुना गया किराना संघ का अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



किराना व्यापारी संघ का वार्षिक सम्मेलन उमराव मैरिज गार्डन में संघ के संरक्षक सुशील संचेती के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। आयोजित वार्षिक सम्मेलन में किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र मेहता को आगामी दो वर्ष के लिये पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। चुनाव के पूर्व शैलेन्द्र मेहता ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां से किराना व्यापारी संघ के सभी सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया गया। महासचिव लोकेंद्र धारवा ने आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात नवीन कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई । जिसमें शैलेंद्र मेहता को पुनः अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन की प्रक्रिया के पूर्व किराना व्यापारी संघ के संरक्षक सुशील संचेती ने संबोधित करते हुए विगत 2 वर्ष में हुए किराना व्यापारी संघ के कार्यो एवं कार्यक्रमो पर प्रकाश डालते हुए कहां की किराना व्यापारी संघ ने कोविड से लेकर आज तक किराना व्यापारी संघ ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है और कार्य भी किया है। नगर की अनेकों व्यापारी संगठन है,उसमे किराना व्यापारी संघ अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस अवसर पर सभी किराना व्यापारी संघ के सदस्यो ने सर्वसम्मति से शैलेंद्र मेहता को आगामी दो वर्षो के लिए किराना व्यापारी संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया। अंत में आभार महासचिव लोकेन्द्र धारवा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर किराना व्यापारी संघ के संरक्षक राजेंद्र जैन, पंकज राठी, मुकेश गुलवानी संजय पोरवाल, श्रीपाल जैन, हरिनारायण पटेल, संजय सिंगी, हुंदल मोटवानी आदि वरिष्ठ व्यापारी मंचासीन थे। आयोजित वार्षिक सम्मेलन में संघ के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को क्षेत्र के इतिहासकार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाठक,व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर,पंकज राठी,सुमित मेहता,चेतन छाजेड़ सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं समाजसेवियों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# भागवत कथा में भगवान की लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत 20 वर्षों से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव अलीपुर जगदीश मंदिर से आनंद धाम बुधवारा स्तिथ मौसी के घर पहुचने का सिलसिला सतत जारी है। भगवान की रथयात्रा निकली। भगवान जगन्नाथ जी अपनी मौसी के घर पहुचे। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्माधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी आनंद धाम बुधवारा पर भगवान जगन्नाथ जी रथयात्रा के साथ अपनी मौसी के घर आनन्द धाम पधारे हैं।

भगवान के पधारने पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजित किया गया है। कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा ने ध्रुव की भगवान विष्णु पर अटूट भक्ति, श्रद्धा एवं की गई कठिन तपस्या, भक्त पहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 24 अवतार, सृष्टि का वर्णन, नवधा भक्ति, सुखदेव जी और परीक्षित का मिलन विषयो को लेकर भक्तों को विस्तार से जानकारी दी।

आनन्द धाम पर भागवत जी 28 जून से 4 जुलाई तक दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी । पंडित भवानी शंकर शर्मा परिवार ने सभी भागवत प्रेमियों,भक्तगणों से अपील की है कि आप सभी भक्तगण सापरिवार सादर आमंत्रित है। आज तृतीय दिन भागवत कथा में मोहन मेवाड़ा, क्षमा मेडम,राधेश्याम नायक, राधा महेंद्र शर्मा, मुकेश ताम्रकार, गजेंद्र शर्मा, शिव श्री वादी, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, पंडित भवानी शंकर शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा,चंचु ताम्रकार, मेघा मुन मुन, गोपाल सोनी, देव शर्मा, बृजमोहन सोनी, दीपेश भूतिया, किशोर तिवारी, माधुरी ज्ञानेंद्र मुदगल सहित सभी महिला मंडल एवं सभी भक्तगणों द्वारा कथा का श्रवण किया गया।

### संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर मुनिराज का 58वां दीक्षा महोत्सव धूमधाम से मनाया

# भक्ति भाव से अभिषेक शांति धारा कर किया आचार्य छत्तीसी विधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



दुनिया में भगवान से बड़ा कोई नहीं। हर व्यक्ति दुःख नहीं चाहता हैं और सुखी होना चाहता हैं।दुःख से उभरना है और सुखी होना चाहते हैं तो मुनि अवस्था धारण करें।सिद्ध अवस्था मुनि दीक्षा के बाद ही मिलती है।आज हम कहां जा रहे हैं और कहा जाना है, हमें अपनी दिशा और लक्ष्य को निर्धारित करना है। दीक्षा दिवस मनाना और गुणगान करना ही पर्याप्त नहीं है,आचार्य श्री के बताए मार्ग पर अग्रसर हो।

आचार्य श्री विद्यासागर मुनिराज का दक्षिण में जन्म और राजस्थान में दीक्षा ली। आचार्य के संयम की सुगंध आष्टा और शुजालपुर में आई। मध्यप्रदेश को अपनी संयम ,तपस्या से आचार्यश्री ने सींचा। आचार्य शांति सागर मुनिराज ने एक दीक्षा विद्याधर को दी, वहीं पर्याप्त हो गई।दुःख से छूटना चाहते हैं तो संयम धारण करें।संयम से आदमी भगवान होता है। अच्छा काम में सलाह कपड़े वालों से नहीं संतों से लेवें। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य पाठशाला प्रणेता मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने आचार्य विद्यासागर मुनिराज के 58 वें दीक्षा महोत्सव पर आशीष वचन देते हुए कही। श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज सहित सभी जिनालयों में भगवान के अभिषेक एवं शांति धारा कर आचार्य विद्यासागर मुनिराज का अर्ध्य भक्ति भाव से चढ़ाया। मुनिश्री ने कहां कोई तारीख या तिथि से गुरु की दीक्षा महोत्सव मनाते हैं। पहली बार 30 जून और आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि भी आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की दीक्षा की आई है। आष्टा को लाभ मिला है। आचार्य भगवंत विद्यासागर जी के जन्म एवं दीक्षा पर मुनिश्री ने प्रकाश डाला।उपाध्याय और आचार्य परमेष्ठि को नमस्कार तथा साधु परमेष्ठि को बारंबार नमस्कार करते हैं। मेरा चातुर्मास आष्टा या शुजालपुर जहां भी गुरुदेव आचार्य समय सागर महाराज की आज्ञानुसार होगा।अगर शुजालपुर में हो तो शुजालपुर को आष्टा बना देवें सभी समाजजन वहां पर आएं, और आष्टा में चातुर्मास हो तो शुजालपुर वाले आष्टा को शुजालपुर बना देवे। मुनिश्री ने कहां संयम से ही कल्याण होगा।केवल्य ज्ञान और मोक्ष प्राप्त करें।कुंडलपुर में तीन -तीन घंटे वृक्ष के नीचे खड़े रहकर तपस्या आचार्यश्री ने की।आगम में समाधि मरण का उल्लेख है जिसे आचार्य श्री विद्यासागर मुनिराज ने अंगीकार किया।ऐसे आचार्य समय सागर मुनिराज दिए जो तन और मन से एक समान नजर आते हैं। आचार्य विद्यासागर मुनिराज के बताए मार्ग पर चलें और जीव जंतु का ध्यान रखें।आज विद्यासागर जी मुनिराज का 58 वां संयम दिवस है। अहिंसा धर्म का पालन करना चाहिए। होटलों और फास्ट फूड नहीं खाएं।प्रधानमंत्री को सलाह देने वाले विद्यासागर मुनिराज बच्चों का भी ध्यान रखते थे। मनोयोग और कार्ययोग से धार्मिक कार्यों को करते रहे। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से मुनिश्री निर्णय सागर जी ने कहा जिनवाणी से अंतिम सांस तक नाता मत तोड़ना।

कभी भी प्रमाद न करें और न ही अप्रभावन करें ,यही प्रभावना है।मुनिश्री के पाग प्रक्षालन के लाभार्थी ऋषभ कुमार जैन बजरंग कालोनी एवं मनीष कुमार सुमतलाल जैन साक्षी रहे। ब्रह्मचारी विमल भैय्या इंदौर ने आचार्य छत्तीसी विधान कराते हुए कहा सच्चे देव,शास्त्र और गुरु मिलने के बाद भी इधर-उधर भटक रहे हैं।आज व्यक्ति पड़ोसी के सुख से दुखी हैं।पुण्य की क्रिया को टालना नहीं चाहिए तत्काल करना चाहिए,पाप के कार्य में व्यक्ति देरी नहीं करता है। आचार्यश्री समता भाव रखते थे। आचार्य विद्यासागर मुनिराज के संयम दिवस पर संयम व्रत धारण करें। खाने से शक्ति नहीं त्याग से शक्ति आती है। आचार्य श्री ने बहुत वस्तुओं का त्याग करके अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण किया।

# मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्यामपुर एवं अहमदपुर द्वारा राजपाल के नाम का ज्ञापन धनजी मालवीय नायब तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कीमध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर राजनीतिक राग द्वेष की भावना से अशोक नगर में जो एफ आईआरदर्ज की गई है उसकी जांच करवा कर, निरस्त की जाए और दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम नारायण शर्मा, अहमदपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवी सिंह तंवर, प्रकाश ठाकुर धनराज पाटीदार मंसाराम अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, राकेश वर्मा, वीर सिंह दांगी, अरुण मेवाड़ा, रमेश पाटीदार, हिंदू सिंह सोलंकी, मोहनलाल तंवर, उदल सिंह, मुकेश सहित श्यामपुर ब्लॉक कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मिली भगत से चलता रहता है निजी स्कूलों में पार्ट टाइम शिक्षा देने का कारोबार

# मूक दर्शक बना विभाग : सालों से निजी स्कूलों में सेवाएं दे रहे शासकीय शिक्षक!

## बीईओ जीरापुर ने दिया कार्रवाई का भरोसा तो निजी स्कूल के पुराने छात्रों ने बताई सरकारी शिक्षकों की सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/जीरापुर




जीरापुर ब्लॉक के हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों ने शिक्षा को व्यापार बना लिया है। हालात यह है कि सरकारी स्कूलों में किसी भी तरह से समय की सेटिंग कर अपना ज्यादा समय निजी स्कूलों में जाकर विद्यार्थीयों को पढ़ाने में देते हैं जिससे उन्हें जहां सरकारी वेतन के अलावा निजी स्कूलों से पार्ट टाइम पढ़ाने की राशि प्राप्त होती है वहीं ट्यूशन का भी बोल वाला हो जाता है। इस तरह एक सरकारी शिक्षक शुद्ध रूप से शिक्षा का व्यापार तो कर रहा है परंतु जिस उद्देश्य को लेकर मध्यप्रदेश सरकार ने उसे नौकरी दी थी उसका लाभ संबंधित सरकारी स्कूल के विधार्थियों को नहीं मिल पा रहा है। हैरत की बात तो सालों से चल रहे इस अवैध कारोबार की ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक खबर तक नहीं। इससे प्रतीत होता है की इस तरह के षडयंत्र में शिक्षा विभाग के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं जो इस तरह के शिक्षकों को संरक्षण दे रहें हैं। हरिभूमि ब्यावरा ने जीरापुर के विभिन्न निजी विद्यालयों से पास आउट हो चुके विद्यार्थियों से बात की तो सरकारी शिक्षकों द्वारा निजी विद्यालयों में पढ़ाने वाले विषयों की बात सामने आ गई।

### आरटीई अधिनियम का कर रहे खुलेआम उल्लंघन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 28 में स्पष्ट रूप से सरकारी शिक्षकों को निजी ट्यूशन या शिक्षण गतिविधियों में शामिल होने से रोकती है। फिर भी पिछले लगभग 10 सालों से जीरापुर ब्लॉक के कई सरकारी शिक्षक अपनी मनमानी कर इस तरह के नियमों को तोड़ने पर उतारू हैं और शिक्षा विभाग मूक दर्शक बना हुआ है।

### निजी विद्यालयों से लेकर कोचिंग में संलिप्त सरकारी शिक्षकों पर एक नजर

विभिन्न सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जीरापुर ब्लॉक में पदस्थ यह शिक्षक अन्य सामान्य शिक्षकों से बिल्कुल भिन्न हैं। संगठित होकर सरकार को चूना लगाना और शासकीय स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य बनाने की जगह निजी स्कूलों में जाकर पढ़ाना विभाग के लिए भी अति दुर्भाग्यपूर्ण है।

1 अनिल पुष्पद
2 अंतिम पुष्पद
3 कमल मंडलोई
4 नवनीत हरधनिया
5 विजय गुप्ता
6 दिलीप टेलर
7 रजनीश भावसार
8 विनोद वर्मा
9 नवनीत गुप्ता
10 राजेश शर्मा

**इनका कहना है**

इस तरह का यदि मामला है तो संबंधित शिक्षकों एवं निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी एवं भविष्य में इसकी पुर्नरावृत्ति न हो इसके लिए भी वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर कदम उठाए जाएंगे।

**रामबाबू पाटीदार**
**बीएमओ जीरापुर ब्लॉक**

# राजगढ़ में सूने मकान का ताला चटकाकर दिन-दहाड़े चोरी, पुलिस ने मुआयना किया

## नकदी, जेवर सहित एलसीडी चुरा ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। विगत दिनों क्षेत्र के प्रसिद्ध खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी के ताले चटकाकर हुई चोरी की पतारसी में लगी कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों ने फिर नया टास्क दे डाला। स्थानीय वार्ड क्रमांक-8 के किशनगढ़ क्षेत्र स्थित एक सूने मकान का ताला चटकाकर अज्ञात चोर नकदी सहित जेवर व अन्य सामानों पर हाथ साफ कर गए।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया। जानकारी के अनुसार किशनगढ़ निवासी राजू पिता मोहनलाल पुष्पद मजदूरी करने गए थे वहीं उनकी पत्नी कलाबाई मेन मार्केट स्थित अपनी मनिहारी की दुकान पर थी। घर में ताला लगा हुआ था। दोपहर करीब 1 बजे जब राजू पुष्पद का बेटा रिषी जब घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा मिला वहीं अंदर की अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था, साथ ही घर का सामान अस्त-व्यस्त था। रिषी ने तुरंत घटना की जानकारी अपनी परिजनों को दी। परिजनों के आने के बाद कोतवाली पुलिस को चोरी की सूचना दी गई।

### करीब 40 हजार का माल हुआ चारी

कलाबाई ने बताया कि अलमारी में करीब 7-8 हजार रुपए नकद, 2 जोड़ बिछुड़ी, दो पायल चोरों ने चुराई है। इसके साथ ही घर में लगी एलसीडी को भी चोर चुराकर ले गए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी को खंगालकर मामले की पड़ताल में लगी हुई है।

### स्वच्छता टीम चला रही सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान




**गुना।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री के आदेशानुसार नगर पालिका गुना की सहयोगी स्वच्छता टीम द्वारा निरंतर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगरीय क्षेत्र में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, फ्रेंड्स कॉलोनी कैंट की ईसीसी फाउंडर फाउंडेशन स्टेज की शाखा गुलाबगंज कैंट प्रारंभ हुई जिसमें श्वेता पांडे प्रधानाध्यापिका महोदया , रामेश्वर बैरागी समाज सेवा कार्यकर्ता द्वारा हवन किया गया। हवन का आयोजन गायत्री परिवार द्वारा किया गया जिसमें समाज जन व नगर पालिका परिषद् की सहयोगी स्वच्छता संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट के **IEC** मेंबर की उपस्थित रहीं व यह आयोजन पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट आयोजन रहा किसी भी प्रकार के सिंगल यूज़ प्लास्टिक पउत्पाद का उपयोग नही किया गया।

# मंत्री पंवार ने 1 करोड़ 91 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

## जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह में मंत्री पंवार हुए सम्मिलित




**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश में चल रहे महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान के खंड स्तरीय समापन समारोह में आज ब्यावरा विधानसभा में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अभियान की सफलता और इसमें जनता की सक्रिय भागीदारी की जमकर सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जन आंदोलन बन गया है। यह देखकर अत्यंत हर्ष होता है कि प्रदेश के हर कोने में, हर गांव और हर शहर में, लोगों ने इस अभियान को अपना अभियान माना और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंत्री पंवार ने कहा कि इन प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार हुआ है और स्थानीय जल स्त्रोतों की उपलब्धता बढ़ी है, जिससे किसानों और आम नागरिकों दोनों को लाभ मिल रहा है।

### भविष्य के लिए प्रेरणा

मंत्री पंवार ने इस बात पर जोर दिया कि यह अभियान केवल समापन समारोह तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह भविष्य के लिए जल संरक्षण के लिए एक मजबूत नींव तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा,हमें इन प्रयासों को जारी रखना होगा और जल के महत्व को कभी नहीं भूलना चाहिए। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपनी भावी पीढ़ियों के लिए पर्याप्त जल संसाधन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे अभियान के तहत किए गए कार्यों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करें और जल संरक्षण की गतिविधियों को निरंतर जारी रखें।


### मंत्री पंवार ने किया पौधारोपण

इस दौरान मंत्री पंवार ने देशव्यापी अभियान ष्एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अशोक और सिंदूर का पौधारोपण किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, एसडीओ संजीव वर्मा, तहसीलदार डोजीराम अहिरवार, इंजि. कार्तिक राजपूत सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधि के विरोध के बावजूद भी ठेकेदार की मनमानी जोरों पर

# करोड़ों रुपए से बनने वाला बेराज चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मामला समीप ग्राम आमगढ़ा का है जहां खेती को लाभ का धंधा बनाने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों की फसल में पानी पहुंचाने के उद्देश्य से तीन करोड़ की लागत से कई नदी पर बेराज की स्वीकृति की ताकि बेराज बनने के बाद किसानों को बेराज के माध्यम से पानी मिल सके, बेराज का राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया था।

इस दौरान विभाग के अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार को मंच से कड़े निर्देश देते हुए कहा था कि बेराज निर्माण में लापरवाही एवं भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन शायद राज्य मंत्री के निर्देश विभाग के कर्मचारी एवं ठेकेदार के कान तक नहीं पहुंचे या फिर राज्य मंत्री की बाते अनसुनी करते हुए मनमानी कर उतारू हो गए और डीपीआर,तकनीकी प्रतिवेदन, तकनीकी स्वीकृति को ताक में रखकर मनमाने तरीके से बेराज निर्माण कार्य प्रारंभ किया, निर्माण कार्य में विभिन्न प्रकार की विसंगतियां की,जानकारी लगने पर ग्रामीणों ने इसका विरोध किया लेकिन ठेकेदार की मनमानी जारी रही। पूर्व सरपंच अपने साथियों के साथ पहुंचा निर्माण कार्य पर गुणवत्ता की करी बात फिर भी नहीं माने ठेकेदार, आमगढ़ा बेराज निर्माण कार्य में गुणवत्ताविहीन कार्य तो देखने के लिए पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं सरपंच कैलाश सुरावत निर्माण स्थल पर ग्रामीणों के साथ पहुंचे तो देखा कि कार्य गुणवत्ताविहीन था उन्होंने निर्माण एजेंसी से चर्चा की और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने को कहा लेकिन ठेकेदार एवं जल संसाधन विभाग को कोई असर नहीं हुआ और 10 एम एम के तार से ही बेराज की नींव भराई कर दी,और लगातार 10 एम एम के सरिए से कार्य जारी रखा, ग्रामीणों सहित जन प्रतिनिधियों के द्वारा लगातार शिकायत करने के बाद भी ठेकेदार मनमानी करता रहा तब ग्रामीणों ने पूरे मामले से स्थानीय मीडिया को अवगत कराया।

**इनका कहना है...**

बेराज में घटिया निर्माण चल रहा था। मेरे द्वारा ठेकेदार को बोला गया उसके बाद भी घटिया निर्माण जारी है। जल्द उच्च अधिकारी को इसकी शिकायत की जाएगी।

**दिनेश पाल सरपंच बिलोदापाल,**

स्टीमेट अनुसार कार्य किया जा रहा है।

**मनोज त्यागी जल संसाधन विभाग राजगढ़**

### दुर्लभ ग्रुप का ब्लड डोनेट कर मनाया अपना जन्मदिवस

**राजगढ़।** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में विभिन्न ग्रुपों के रक्त की कमी बनी हुई है। ऐसे में आवश्यकता पड़ने पर जिम्मेदार समाजसेवी स्वयं आगे आकर रक्तदान कर संबंधित मरीजों का जीवन बचाने के कार्य में जुटे हुए हैं। जिला अस्पताल में भर्ती गंगाबाई पत्नी बद्रीलाल को ओ-नेगेटिव ब्लड की नितांत आवश्यकता थी। इसकी सूचना विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को लगने पर उन्होंने छापीहेड़ा में अपने साथी बृजमोहन मेरोठा से संपर्क किया। सोमवार को मेरोठा का जन्मदिवस भी था। ऐसे में वे तुरंत छापीहेड़ा से राजगढ़ पहुंचे और संबंधित महिला मरीज के लिए ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर विहिप पदाधिकारी कमल किरार, लक्ष्मीनारायण तंवर, गोविंद रुहेला, मांगीलाल तंवर सहित अन्य उपस्थित रहे।

अनेक श्रद्धालु ने अपने हाथों से खींचा भगवान का रथ

# जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर नगर में निकाली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इस्कॉन मंदिर समिति एवं विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नगर में जगन्नाथपुरी की तर्ज पर भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। राजमहल परिसर में पूजा-अर्चना उपरान्त ढोल-ढमाकों के साथ आरंभ हुई रथ-यात्रा में अनेकों श्रृद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलबद्र एवं सुभद्राजी विराजित रथ को अपने हाथों से खींचकर भक्ति की सरिता में रमते हुए नाचते-गाते साथ चल रहे थे।

राजमहल से आरंभ हुई रथयात्रा तुल्ली चौक, गणेश चौक, पारायण चौक, रानी लक्ष्मी चौराहा, मेन मार्केट, नाका नंबर-3, बाईपास क्षेत्र होते हुए खिलचीपुर नाके पर पहुंची। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया। शाम साढ़े बजे आरंभ हुई यह रथ-यात्रा करीब 3 घंटे उपरान्त खिलचीपुर नाके पर पहुंची। यहां भगवान की आरती उपरान्त सभी को प्रसादी का वितरण करवाया गया।

### प्रथम वर्ष निकाली गई है यह यात्रा

इस्कॉन मंदिर वृंदावन से आए भक्तों सहित नगर वासियों द्वारा नगर में पहली बार पुरी की तर्ज पर इस रथयात्रा का आयोजन किया गया है। हालांकि, मालवीय प्रजापति समाज सहित जगन्नाथ मंदिर समिति द्वारा भी विगत तीन वर्षों से इस रथ-यात्रा का आयोजन नगर में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रथम वर्ष भव्यता के साथ निकली इस यात्रा की तैयारियां काफी पहले से की जा रही थीं। यात्रा के सफल आयोजन पर समिति पदाधिकारियों ने भक्तों का आभार व्यक्त किया है।

### मानवीयता: घायल हिरण को थाने लाकर कराया इलाज, वन विभाग को दी सूचना



**सारंगपुर।** सारंगपुर पुलिस ने एक घायल हिरण की जान बचाकर मानवीयता की मिसाल पेश की है। यह घटना सोमवार सुबह की है, जब महिला थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के निर्देशन में किठोर रोड़ की बल्ड़ी पर एक मामले की जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम को सड़क किनारे झाड़ियों में एक हिरण घायल अवस्था में दिखाई दिया। हिरण के पैरों में गंभीर चोटें थीं और वह चलने में असमर्थ था। बताया जा रहा है कि जंगली जानवरों के हमले में वह घायल हुआ था। थानाप्रभारी ने तुरंत निर्णय लिया और ग्रामीणों की मदद से हिरण को प्राथमिक उपचार देकर थाने लाया गया। जहां स्थानीय पशु चिकित्सक को बुलाया गया, जिन्होंने घायल हिरण का इलाज किया। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को सूचना देकर हिरण को सुरक्षित जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की।

सीएमएचओ ने किया खिलचीपुर, जीरापुर क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

# लापरवाही: डॉक्टर सहित 3 नर्स, सीएचओ को नोटिस

## बोलीं-लापरवाहों को मिलेगी सजा वहीं अच्छे कार्य पर पुरस्कृत होंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले के ग्रामीण अंचलों के स्वास्थ्य केंद्रों की हालत किसी से छिपी नहीं है। कभी-कभी तो ये स्वास्थ्य केंद्र पूरे दिन ही नहीं खुलते और खुलते भी हैं तो लापरवाह कर्मचारी कुछ घंटे बैठकर केंद्रों में ताला लगाकर घर चले जाया करते हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में अन्य तरह की लापरवाहियों के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं।

ऐसे में नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने वस्तुस्थिति जानने सोमवार को खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्र के कई स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कहीं सीएचओ अनुपस्थित मिलीं तो कहीं डॉक्टर बगैर सूचना के गायब मिले। इसके साथ ही अन्य कमियां भी केंद्रों पर पाई गई। ऐसे में संबंधित लापरवाह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी सीएमएचओ डॉ. पटेल द्वारा दी गई है।

### बड़बेली केंद्र पर नदारत मिली सीएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल अपनी टीम के साथ सबसे पहले खिलचीपुर क्षेत्र के ग्राम बड़बेली स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। इस दौरान केंद्र पर पदस्थ सीएचओ कीर्ति देशमुख अनुपस्थित मिले। इसके उपरान्त वे सीधे खिलचीपुर अस्पताल पहुंची जहां के इंजेक्शन कक्ष में गंदगी, कोल्ड चैन में अव्यवस्थित वैक्सीन और आयरन, सुक्रोज के इंजेक्शन खुले हुए मिले। इस पर सीएमएचओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्डों के इन्चार्जों को बुलाकर उनसे जवाब मांगा। खिलचीपुर अस्पताल में ही पदस्थ डॉ. प्रियदर्शनी सर्राफ भी पिछले कई दिनों से अनुपस्थित पाई गई। इस गंभीर लापरवाही पर डॉ. प्रियदर्शनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### सोमवारिया केंद्र पर भी मिला ताला

सीएमएचओ जब खिलचीपुर के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोमवारिया के निरीक्षण पर पहुंचीं तो वहां भी ताला लगा पाया गया। अव्यवस्थाओं पर सीएमएचओ ने बीएमओ को 3 दिवस में व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी। सीएमएचओ और उनकी टीम जीरापुर अस्पताल पहुंची जहां के प्रसूती वार्ड में पहुंचकर भर्ती प्रसूताओं से उन्होंने चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में प्रसूताओं के लिए सभी व्यवस्थाएं निःशुल्क होती हैं। अगर कोई पैसों की मांग करे तो मुझे फोन लगाकर सूचना दी जा सकती है। जीरापुर अस्पताल के निरीक्षण में डॉ. प्रियंका नरवरे सहित गार्ड और वार्डबॉय भी अनुपस्थित मिले। सभी को शोकाज नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

# बालू , सरिए के बाद अब सीमेंट क्वालिटी भी घटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



लखनवास में बन रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किस कदर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है और जिम्मेदारों ने अपनी आखें जैसे मूंद ली है। लगातार समाचार प्रकाशन के बाद भी विभाग की लचर स्थिती देखी जा सकती है की 5 वें दिन समय निकाल पाया। इंजी दिलकश खान का कहना है कि वह मंगलवार को लखनवास बिल्डिंग जांच करने जाएंगे।

अब देखना यह है कि इस तरह के ठेकेदार जो अपनी मनमानी कर जनता को बनने वाली बिल्डिंग में घटिया सामग्री का उपयोग कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते है इन पर विभाग कितना सख्त होता है या फिर वहीं अभयदान देकर छोड़ दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि लखनवास में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 159 की लागत से बनने वाली बिल्डिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढती नजर आ रही है इसमें मिलने वाली सीमेंट की क्वालिटी पर भी सवालियां निशान लग रहे हैं।

**इनका कहना है**

ठेकेदार को साइट पर बुलाया है इसकी जांच करने जाएंगे।

**दिलकश खान,** इंजीनियर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़